गतिविधि 2024

पंडित विद्यानिवास मिश्र जयंती समारोह एवं रचनावली का लोकार्पण **14** जनवरी **2024**

कृष्ण बिहारी मिश्र अध्ययन मंडल द्वारा पंडित विद्यानिवास मिश्र की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी, प्रो. अरुण होता, प्रो. राजश्री शुक्ला, प्रो. विनोद मिश्र, डॉ कृपाशंकर चौबे, प्रो. रेशमी पांडा मुखर्जी, दुर्गा व्यास, कमलेश मिश्र द्वारा पं. विद्यानिवास मिश्र रचनावली (21खंडो में) और दिव्या प्रसाद की पुस्तक "व्यक्ति व्यंजनाः एक मूल्यांकन" का लोकार्पण किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी ने की, कार्यक्रम का संचालन श्री अजयेंद्र त्रिवेदी व धन्यवाद ज्ञापन श्री अनिल शुक्ल ने किया।

पंडित विद्यानिवास मिश्र के पुण्यतिथि पर हुई आयोजित संस्कृत कवि गोष्ठी

विद्याश्री निवास, श्रद्धानिधि न्यास एवं श्रवण विद्या संकाय, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में पंडित विद्यानिवास मिश्र की पुण्यतिथि (14 फरवरी) पर संस्कृत कवि गोष्ठी का आयोजन योग साधना केंद्र, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्याल, वाराणसी में किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर सुधाकर मिश्र एवं संचालन डॉक्टर चंद्रकांता राय ने किया।
काव्य पाठ करने वालों में सर्वश्रेष्ठ विवेक कुमार पांडे, उपेंद्र पांडे, धर्मदत्त चतुर्वेदी, पवन कुमार शास्त्री, चंद्रकांता राय, हरि प्रसाद अधिकारी प्रमुख रहे। संस्कृत कवि गोष्ठी के अवसर पर ही पंडित विद्यानिवास मिश्र द्वारा प्रवर्तित श्रद्धानिधि न्यास द्वारा संकल्पित व्याख्यान माला के अंतर्गत ग्रह नक्षत्र का दैनिक जीवन पर प्रभाव विषय पर पंडित मुनिवर मिश्र स्मृति व्याख्यान संपन्न हुआ जिसके मुख्य वक्ता प्रोफेसर रामचंद्र पांडे थे

'अज्ञेय का संस्कृति**-**चिन्तन**'** पर राष्ट्रीय संगोष्ठी व सम्मान समारोह
सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन 'अज्ञेय' भारतीय साहित्य संस्थान समिति (ट्रस्ट), श्रद्धानिधि न्यास, विद्याश्री न्यास, कलावती देवी स्मृति न्यास, बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में 'अज्ञेय का संस्कृति-चिन्तन' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, अज्ञेय स्मृति सम्मान, अज्ञेय स्मृति व्याख्यान एवं काव्य सन्ध्या अज्ञेय स्मृति सभागार, राजकीय बौद्ध संग्रहालय में आयोजित की गई जिसमें वर्तमान समय के सुप्रसिद्ध कवि श्री अरुण कमल को कलावती देवी न्यास द्वारा प्रथम अज्ञेय स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्वागत वक्तव्य प्रो. अरुणेश नीरन, अध्यक्षता प्रो. महेश्वर मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन श्री विनोद मोहन सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. रामदेव शुक्ल ने अज्ञेय स्मृति व्याख्यान के अंतर्गत अज्ञेय का संस्कृति चिंतन पर विशिष्ट व्याख्यान दिया तथा डॉ. कौस्तुभ नारायण मिश्र, प्रो. प्रकाश उदय, डॉ. रामसुधीर सिंह, प्रो. सदानंद प्रसाद गुप, प्रो चितरंजन मिश्र, डॉ. राजेश सिंह, कवि गिरिधर करुण, प्रो बुद्धिनाथ मिश्र, दयाशंकर सिंह कुशवाहा, सरोज पाण्डेय, मोहन पांडेय, उद्भव मिश्र एवं डॉ अशोक मधेशिया जैसे महत्वपूर्ण वक्ताओं ने अपने व्यक्तव्य दिए तथा सायंकाल में काव्यसंध्या आयोजित की गई। अंत में सभी उपस्थिति अतिथियों द्वारा अज्ञेय उपवन में पुष्पांजलि अर्पित की गई।

परिचर्चा गोष्ठी
हिंदी की धरोहर : काशी पर केंद्रित ' सोच विचार ' के काशी अंक का 11 अगस्त 2024 को श्रीभारत धर्म महामंडल के सभागार में लोकार्पण सह परिचर्चा गोष्ठी संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता डॉ. जीतेंद्र नाथ मिश्र ने की। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नीरजा माधव, विशिष्ट अतिथि प्रो. वशिष्ठ अनूप उपस्थित रहे। गोष्ठी में डॉ. इंदीवर, डॉ. मुक्ता, डॉ. रामसुधार सिंह, डॉ. श्रद्धानंद आदि मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे।